मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-396
05/11/2019

मुख्यमंत्री ने भारतवर्ष के प्रथम एवं सबसे बड़े खादी मॉल का किया उद्घाटन

पटना, 05 नवम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान के पूर्वी छोर पर नवनिर्मित भारतवर्ष के प्रथम एवं सबसे बड़े खादी मॉल का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उदघाट्न किया। मुख्यमंत्री ने टच स्क्रीन के माध्यम से मॉल के विभिन्न तलों पर स्थित सामानों की विवरणी को भी लोकार्पित किया। उन्होंने मॉल में स्थित बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा अर्पित की। मॉल के विभिन्न तलों पर खादी निर्मित वस्त्र, हैंडिक्राफ्ट और मधुबनी पेंटिंग्स का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। लोगों के उपयोग के सौंदर्य प्रसाधनों, फूड प्रोडक्ट्स, ग्रामोद्योग प्रोडक्ट्स एवं अन्य उपयोगी सामग्रियों का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री का स्वागत उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया।

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मॉल में हर तरह के सामान हैं। लोगों के द्वारा निर्मित सामान भी यहां उपलब्ध हैं। मुझे ऐसा लगता है कि यह काफी उपयोगी है, जो बहुत ही लोकप्रिय होगा। हमने यहां के सामानों को देखा और कुछ सुझाव भी दिए हैं। प्रतिदिन के उपयोगी सामान भी यहाँ उपलब्ध हैं। मशीनों के द्वारा निर्मित वस्त्र के साथ–साथ हैंडमेड सामान भी उपलब्ध हैं। यहाँ उपलब्ध सामानों की क्वालिटी भी अच्छी है। उन्होंने कहा कि इसका नाम खादी मॉल है लेकिन यह अपने आप में विशिष्ट है। यहां बाद में नए उत्पादों को भी शामिल किया जाएगा। यहाँ हैंडलूम को भी प्रमोट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री श्याम रजक जी एवं उद्योग विभाग को इस बेहतर काम के लिए बधाई देता हूं। इस खादी मॉल का उदघाट्न पहले ही होना था लेकिन कुछ परेशानियों के कारण छठ के बाद आज इसका उदघाट्न किया गया। यह बहुत ही उत्साहवर्द्धक कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के अनुरुप चीजों का निर्माण किया गया है जिसका लोग उपयोग कर सकते हैं। लोग यहां के सामानों को पसंद करेंगे और इसकी खरीदारी करेंगे, ऐसी मुझे पूरी उम्मीद है।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सचिव उद्योग श्री नर्मदेश्वर लाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री बाला मुरुगन डी0, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रबंध निदेशक श्री रविशंकर श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******